पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने नेपाल से आये पत्रकारों को सम्मानित किया

फोटो पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण कार्य है - राज्यपाल

लखनऊः 03 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज मीडिया फोटोग्राफर्स कल्ब द्वारा दिवंगत मीडिया छायाकारों की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में नेपाल से आये नेपाल पत्रकार संघ के सदस्यों श्री आशीष गुप्ता, श्री आरिफ अंसारी, श्री महमूद आलम खां, श्री डंग प्रसाद, श्री रईस अहमद सिद्दीकी तथा सुश्री रूपनी को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष, श्री माता प्रसाद पाण्डेय, ग्राम्य विकास मंत्री, श्री अरविन्द सिंह ‘गोप‘, वरिष्ठ पत्रकार, श्री के0विक्रम राव सहित मीडिया फोटोग्राफर्स कल्ब के पदाधिकारी व पत्रकारगण उपस्थित थें। मीडिया फोटोग्राफर्स कल्ब द्वारा प्रत्येक वर्ष माह मई के प्रथम रविवार को दिवंगत मीडिया छायाकारों की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सर्वप्रथम दिवंगत छायाकारों एवं नेपाल में आयी भूकम्प त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भूकम्प में हुयी तबाही को देखते हुये केन्द्र सरकार और राज्य सरकार अपने-अपने स्तर से सहायता दे रही है। भूकम्प पीड़ितों को जितनी जल्दी सहायता मिले उतना अच्छा है। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत इस कठिन घड़ी में अपनी सहसंवेदना के साथ पुनर्वास के लिए प्रयासरत है।

श्री नाईक ने कहा कि पत्रकारिता जनतंत्र का चैथा स्तम्भ है और फोटो पत्रकारिता का अपना एक महत्व है। छायाचित्र समाचार और संदेश सम्प्रेषित करने में सहायक होता है। फोटोग्राफी संचार का ऐसा माध्यम है जिसमें भाषा नहीं होती परन्तु भाव होते हैं जो शब्दों से ज्यादा ताकत रखते हैं। फोटो जो वर्णन करती है उसे एक हजार शब्द में भी वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि फोटो पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण कार्य है।

राज्यपाल ने कहा कि छायांकन में कुशलता के प्रदर्शन के साथ स्पर्धा भी हो तो यह व्यवसाय और आगे बढ़ सकता है। फोटो खींचना एक जोखिमभरा कार्य है। कई बार पत्रकारों को महंगे कैमरों का नुकसान हो जाता है। पत्रकारों के कैमरे के लिए बीमे का विशेष पैकेज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें छायाकारों के ओर से कोई ऐसा प्रस्ताव मिलता है तो वे राज्य सरकार और केन्द्र सरकार तक उनकी बात अवश्य पहुँचायेंगे।

अध्यक्ष विधान सभा, श्री माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि छायाचित्र प्रिंट मीडिया का महत्व बढ़ाता है। फोटो में एक संदेश होता है जिससे जनता प्रभावित होती है। फोटो के माध्यम से जो सूचना दी जाती है वह ज्यादा विश्वसनीय होती है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक दृष्टि से समाचार पत्र में छपी फोटो का समाज पर असर पड़ता है।

श्री अरविन्द्र सिहं ‘गोप‘, ग्राम्य विकास मंत्री ने मई दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मीडिया छायाकार कड़ा परिश्रम करके छायाचित्र संकलित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा परिश्रम सलाम करने योग्य है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये तथा बाद में कवि सम्मेलन और मुशायरे का भी आयोजन किया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कवियों और शायरों को भी सम्मानित किया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी
मजदूर दिवस
मीडिया फोटोग्राफर्स
श्री एस.एम. पारी
राज्यपाल उ.प्र.
श्री माता प्रसाद पाण्डेय
श्री अरविन्द सिंह गोप

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी
मजदूर दिवस
के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन मुशायरा एवं सम्मान समारोह में आप सादर आमंत्रित हैं!
मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब (रजि.)
संजीव वर्मा
राज्यपाल उ.प्र.
श्री माता प्रसाद पाण्डेय
श्री अरविन्द सिंह गोप

मजदूर दिवस
मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब
श्री संजीव वर्मा
श्री के. विक्रम राव

मजदूर दिवस
श्री मनोज छाबड़ा
राज्यपाल उ.प्र.
श्री माता प्रसाद पाण्डेय
श्री एम.डी. आहूजा